भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
न्याय विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1581
जिसका उत्तर बुधवार, 28 जुलाई, 2021 को दिया जाना है

## न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या

**1581. श्री हाजी फजलुर रहमान :**

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान में देश में उच्चतम न्यायालय और विभिन्न उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की न्यायालय-वार स्वीकृत संख्या कितनी है ;

(ख) वर्तमान में उच्चतम न्यायालय और विभिन्न उच्च न्यायालयों में पुरुष और महिला न्यायाधीशों की कुल संख्या कितनी हैं और इनमें अल्पसंख्यक समुदाय और अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजातियों से संबंधित न्यायाधीशों की संख्या कितनी है ; और

(ग) उच्चतम न्यायालय और विभिन्न उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की रिक्तियों की संख्या का ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**

**विधि और न्याय मंत्री**
**( श्री किरेन रीजीजू )**

**(क) से (ग) :** तारीख 20.07.2021 तक उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के स्वीकृत पद, पुरुष और महिला न्यायाधीशों की संख्या और रिक्तियों को दर्शाने वाला एक विवरण उपाबंध पर है ।

उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति भारत के संविधान के अनुच्छेद 124 और अनुच्छेद 217 तथा अनुच्छेद 224 के अधीन की जाती हैं, जो व्यक्तियों की किसी जाति या वर्ग के लिए आरक्षण का उपबंध नहीं करते हैं । अत: कोई जाति/वर्ग-वार आंकड़ा केन्द्रीय रुप से नहीं रखा गया है । तथापि, सरकार उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायमूर्तियों से अनुरोध करती रही है कि उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति में सामाजिक विविधता सुनिश्चित करने के लिए न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए प्रस्तावों को भेजते समय अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं से संबंधित उपयुक्त अभ्यर्थियों पर सम्यक विचार किया जाना चाहिए ।

***********

**उपाबंध**

**श्री हाजी फजलुर रहमान द्वारा 'न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या' के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1581 जिसका उत्तर 28.07.2021 को दिया जाना है, के भाग (क) से (ग) के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण**

| **क्र.सं.** | **न्यायालय का नाम** | **स्वीकृत पद संख्या** | **कार्यरत पद संख्या** | | | **रिक्तियां** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **पुरुष न्यायाधीश** | **महिला न्यायाधीश** | **कुल** | |
| **क** | **भारत का उच्चतम न्यायालय** | **34** | **25** | **01** | **26** | **08** |
| | | | | | | |
| **ख** | **उच्च न्यायालय** | | | | | |
| 1 | इलाहाबाद | 160 | 87 | 07 | 94 | 66 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 37 | 16 | 03 | 19 | 18 |
| 3 | बॉम्बे | 94 | 55 | 08 | 63 | 31 |
| 4 | कलकत्ता | 72 | 27 | 04 | 31 | 41 |
| 5 | छत्तीसगढ | 22 | 12 | 02 | 14 | 08 |
| 6 | दिल्ली | 60 | 24 | 06 | 30 | 30 |
| 7 | गुवाहाटी | 24 | 19 | 01 | 20 | 04 |
| 8 | गुजरात | 52 | 23 | 05 | 28 | 24 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 13 | 09 | 01 | 10 | 03 |
| 10 | जम्मू-कश्मीर और लद्दाख | 17 | 10 | 01 | 11 | 06 |
| 1 1 | झारखंड | 25 | 14 | 01 | 15 | 10 |
| 12 | कर्नाटक | 62 | 41 | 06 | 47 | 15 |
| १३ | केरल | 47 | 33 | 04 | 37 | 10 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 53 | 26 | 03 | 29 | 24 |
| 15 | मद्रास | 75 | 45 | 13 | 58 | 17 |
| 16 | मणिपुर | 05 | 05 | 0 | 05 | 0 |
| 17 | मेघालय | 04 | 04 | 0 | 04 | 0 |
| १८ | ओडिशा | 27 | 12 | 01 | 13 | 14 |
| 19 | पटना | 53 | 19 | 0 | 19 | 34 |
| 20 | पंजाब और हरियाणा | 85 | 39 | 07 | 46 | 39 |
| 21 | राजस्थान | 50 | 22 | 01 | 23 | 27 |
| 22 | सिक्किम | 03 | 02 | 01 | 03 | 0 |
| 23 | तेलंगाना | 42 | 12 | 02 | 14 | 28 |
| 24 | त्रिपुरा | 05 | 04 | 0 | 04 | 01 |
| 25 | उत्तराखंड | 11 | 07 | 0 | 07 | 04 |
| **कुल** | | **1098** | **567** | **77** | **644** | **454** |

************